के. के. जालान, भा.प्र.से
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त
K. K. Jalan, IAS
Central Provident Fund Commissioner

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
(श्रम एवं रोज़गार मन्त्रालय, भारत सरकार)
मुख्य कार्यालय : भविष्य निधि भवन,
14, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
दूरभाष : 011-26172671, फैक्स : 011-26189910
Employees' Provident Fund Organisation
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
Head Office : Bhavishya Nidhi Bhawan,
14, Bhikaiji Cama Place, New Delhi-110 066
Phone 011-26172671, Fax 011-26189910

नं. आर-I/पी-20/यू.ए.एन./2014/276 | 12 सितंबर, 2014

**विषय : यूनिवर्सल खाता संख्या (यू.ए.एन.) - सदस्यों में प्रचार ।**

प्रिय नियोक्ता,

अपने पिछले पत्र दिनांक 18 अगस्त, 2014 के क्रम में यू.ए.एन. कार्यक्रम को लागू करने में उत्कृष्ट योगदान के लिए मैं पुनः आपका धन्यवाद करता हूं जिसके अंतर्गत संगठन को क.भ.नि. सदस्यों के विशाल मात्रा में के.वाई.सी. विवरण प्राप्त हुए हैं । हम आशा करते हैं कि यह भविष्य में सभी के लिए प्रभावी सेवा में मददगार होगा ।

आपके इस समर्थन तथा रूख से यह स्पष्ट है कि सदस्यता के संबंध में आपने के.वाई.सी. विवरण जमा करने का उद्देश्य भली प्रकार समझ लिया है । फिर भी, कई ऐसे दृष्टांत इसी समय में देखने को मिले है जब विभिन्न सदस्यों ने शिकायत की है कि उनके नियोक्ताओं द्वारा उन्हें यू.ए.एन. नहीं प्रदान किए गए हैं । यह गंभीर शिकायत है और संभव है कि कार्यक्रम के उद्देश्य की प्राप्ति में रूकावट बने । तद्नुसार, मैं आग्रह करता हूं कि आप सुनिश्चित करें कि आपकी स्थापना के प्रत्येक कर्मचारी को यू.ए.एन. आबंटित हो और प्राप्ति के इस रिकार्ड को भविष्य में संदर्भ के लिए सुरक्षित रखें । इस संबंध में, मैं आपसे निरंतर सहायता का अनुरोध करता हूं । ई-मेल cpfc@epfindia.gov.in पर भेजे गए आपके सुझावों का स्वागत है ।

भवदीय,

के.के.जालान

**(के.के. जालान)**